भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 184
सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**कोविड-19 महामारी के पश्चात् पर्यटन क्षेत्र का आकलन**

**184. श्री विद्युत बरन महतो:**
**श्री एंटो एन्टोनी:**
**श्रीमती किरण खेर:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**प्रो॰ सौगत राय:**
**श्री तालारी रंगैयया:**
**श्री एन॰ रेड़डप्प:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री कुरुवा गोरांतला माधव:**
**डॉ॰ बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:**
**श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:**
**श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:**
**श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:**

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोविड-19 महामारी के कारण पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है और यदि हां, तो सुरक्षित पर्यटन व्यवहारों को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के साथ इसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण पर्यटन क्षेत्र में राजस्व हानि के साथ नौकरियों के नुकसान का अनुमान लगाने के लिए कोई अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का पर्यटन उद्योग के पुनरुद्धार के लिए आर्थिक पैकेज की घोषणा करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को अधिस्थगन और अन्य प्रावधानों में छूट के संबंध में पर्यटन उद्योग से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया के साथ-साथ उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार के पास यह सुनिश्चित करने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था है कि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को नियमित रूप से शुरू करने के बाद भारत एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन जाए और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

**(क)** जी हां, पर्यटन क्षेत्र कोविड -19 महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है।

**(ख)** पर्यटन क्षेत्र और रोजगार के नुकसान पर प्रभाव के आकलन के लिए कोई औपचारिक अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि, उद्योग हितधारकों के साथ कई दौर की चर्चा और विचार-मंथन सत्रों से राजस्व और नौकरियों के बड़े पैमाने पर नुकसान का संकेत मिलता है। इस क्षेत्र की अत्यधिक असंगठित प्रकृति को देखते हुए, आने वाले समय में ही इसके प्रभाव का पता लग सकेगा ।

(ग): भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियों और मंत्रालयों द्वारा घोषित प्रोत्साहन पैकेज निम्नानुसार हैं:

- रिजर्व बैंक ने 31 अगस्त 2020 तक आवधिक ऋणों पर ऋणस्थगन बढ़ा दिया है।
- सरकार ने आत्म निर्भर भारत पैकेज की घोषणा की जिसमें एमएसएमई के लिए 03 लाख करोड़ रुपए के जमानतदार स्वत: ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। ऋण की अवधि 04 साल होगी और इसमें 12 महीने का ऋणस्थगन होगा।
- सरकार ने उन संगठनों के लिए तीन महीने के लिए भविष्यनिधि योगदान को माफ कर दिया है जिनके पास 100 से कम कामगार है तथा उनमे से 90% कर्मचारियों के वेतन 15000 रुपए से कम है। आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत, नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के भविष्यनिधि योगदान को मौजूदा 12% से प्रत्येक के लिए 10% तक घटा दिया गया है, जो कि ईपीएफओ द्वारा अगले तीन महीनों तक यानी सितंबर 2020 तक कवर किया गया है।
- अक्टूबर 2020 तक स्रोतों पर कर का आस्थगन ।
- पांच करोड़ रुपए तक के काराबार की कंपनियों के द्वारा रिटर्न फाइल करने के लिए बिना किसी दंडात्मक ब्याज के तथा बाकी के लिए @ 9% दंड ब्याज के तीन महीने का आस्थगन
- कोविड-19 संकट के मद्देनजर अलग-अलग अवधि के लिए व्यापार निरंतरता और अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने भी आयकर अधिनियम, कंपनी अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के तहत विभिन्न विनियामक अनुपालन से राहत दी है ।

(घ) भारतीय उद्योग संघ (CII) और भारतीय पर्यटन एवं आतिथ्य एसोसिएशन के परिसंघ (FAITH) सहित सभी प्रमुख हितधारकों ने अधिस्थगन की छूट और अन्य प्रावधानों के बारे में अभ्यावेदन दिया है जो भारत सरकार और राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित मंत्रालयों / विभागों के साथ नियमित रूप से उठाए जा रहे हैं।

(ड़) : अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, भारतपर्यटन कार्यालयों के माध्यम से पर्यटन मंत्रालय विभिन्न प्रचार गतिविधियों को शुरू करने का प्रस्ताव करता है जिसमें यात्रा मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी, स्थानीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, आउटडोर और डिजिटल मीडिया में विज्ञापन; विदेशी टूर ऑपरेटरों और यात्रियों के बीच विश्वास बनाने के लिए भारत में कोविड-19 के आसपास सफलता के वृतांत उजागर करने के लिए वेबिनार का आयोजन, रोड शो, भारत शाम, भारत सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन; भारतीय खाद्य उत्सवों और सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन और समर्थन; टूर ऑपरेटरों के लिए ब्रोशर समर्थन की पेशकश, और एयरलाइनों, टूर ऑपरेटरों और अन्य संगठनों के साथ संयुक्त विज्ञापन / संयुक्त प्रचार, विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ संयुक्त संवर्धन आदि शामिल हैं ।

घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय निम्नलिखित गतिविधियाँ / पहल कर रहा है:

(i) देखो अपना देश वेबिनार,
(ii) लॉकडाउन के दौरान देश भर के प्रमुख शहरों और सांस्कृतिक परिसंपत्तियों (दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु, उडुपी, औरंगाबाद, प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों) की एरियल फ़ोटोग्राफ़ी,
(iii) पर्यटन क्षेत्र को दोबारा खोलने के मुद्दों पर उद्योग के हितधारकों के साथ नियमित परामर्श,
(iv) पर्यटकों की देखभाल, सुरक्षा और संरक्षा के साथ सेवा के मानक प्रोटोकॉल आदि,
(v) वेबिनार, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से घरेलू पर्यटन संवर्धन अभियान।

देखो अपना देश अभियान घरेलू संवर्धन का मुख्य आधार होगा। मुख्य ध्यान भारत के संदर्भ में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की आस्था का पुनर्निर्माण पर होगा, जो कोविद के बाद के परिदृश्य में यात्रा करने के लिए सुरक्षित गंतव्य है।

*******